1	2	3
3.	मध्य प्रदेश	पेंच-कन्हान पाथाखेड़ा सोहागपुर मंड-राजगढ़ कोरबा सोनहट बिसरामपुर सिंगरौली
4.	महाराष्ट्र	वर्धा वैली बन्देर कम्पटी
5.	उड़ीसा	तालचेर ईब घाटी
6.	असम	माकुम
7.	मेघालय	वस्ट दारंगगिरी

लालमटिया कोयला परियोजना के मुख्यालय को गुवाहाटी में स्थानांतरित करना

6255. **श्री जनार्दन यादव :** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार स्थित लालमाटा के मुख्यालय जोकि पूर्वी क्षेत्रीय कोयला परियोजना में स्थित है, को गुवाहाटी स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस स्थानांतरण के कारण बिहार को होने वाली राजस्व की हानि के संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इसके मुख्यालय को बिहार में ही केन्द्रित रखना चाहती है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : : (क) और (ख) बिहार से लालमटिया परियोजना के मुख्यालय को स्थानांतरित किये जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता है ।

मध्य प्रदेश में पता लगाये गये कोयला और लिग्नाइट भंडार

6256. **श्री अजीत जोगी :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में कोयले और लिग्नाइट के भंडार वाले स्थानों का पता लगाय गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) जी, हां । भारतीय भू-सर्वेक्षण, जोकि देश